विश्व पशु चिकित्सा दिवस आज

श्वानों में निःशुल्क रेबीज टीकाकरण

विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर आज दिनाँकः 28 अप्रैल 2018 को प्रातः 09:00 बजे से 11:00 बजे तक पशु चिकित्सा एवं पशु पालन महाविद्यालय के शैक्षणिक पशु चिकित्सा परिसर में डॉ0 पी.सी. शुक्ला, डायरेक्टर क्लीनिक के निर्देशन में लगभग 150 श्वानों का निःशुल्क एन्टी रेबीज टीकाकरण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय कुलपति डॉ0 प्रयाग दत्त जुयाल ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम में न केवल पशु कल्याण, अपितु जनकल्याण भी निहित है। अतः इस प्रकार के कार्यक्रम सतत् होते रहना चाहिये। इस कार्यक्रम में लगभग 50 श्वानों हेतु निःशुल्क पार्लर सुविधा प्रदान की गई जिसमें श्वानों के नाखून काटना, कान की सफाई एवं ग्रोमिंग शामिल थे। इसी तारतम्य मे आमानाला बकरी प्रक्षेत्र/गॉव में बकरियों का स्वास्थ परीक्षण किया गया। इस अवसर पर पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीण अंचल के पशुओं का निःशुल्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं निःशुल्क औषधियों का वितरण किया गया।

महाविद्यालय के छात्रो, स्टाफ एवं फील्ड डॉक्टर्स के ज्ञानवर्धन हेतु महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ0 आर.पी.एस.बघेल एवं सह प्राध्यापक डॉ0 रणविजय सिंह द्वारा विश्व पशुचिकित्सा दिवस 2018 के विषय "आजीविका, खाद्य सुरक्षा एवं सुरक्षा को बेहतर बनाने हेतु पशु चिकित्सा व्यवसाय का सतत् विकास में योगदान" पर व्याख्यान दिये गये।

कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ0 अपरा शाही, डॉ0 मनीष शुक्ला. डॉ0 कविता रॉय, डॉव रणधीर सिंह, डॉ0 रणबीर सिंह, डॉ0 ब्रजेश सिंह एवं डॉ0 शशि प्रधान का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का सचालन डॉ0 अमिता तिवारी एवं आभार प्रदर्शन डॉ0 देवेन्द्र कुमार गुप्ता ने किया।

डॉ0 पी.सी.शुक्ला

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपर में विश्व पशु चिकित्सा दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत आज शनिवार दिनाँकः 29 अप्रैल को प्रातः 09:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक श्वानों में निःशुल्क रेबीज टीकाकरण शिविर का आयोजन महाविद्यालय के अस्पताल में आयोजित है। विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ0 प्रयाग दत्त जुयाल ने सभी श्वान पालकों से अनुरोध किया है कि इस निःशुल्क रेबीज टीकाकरण का अधिक से अधिक लाभ उठायें।

पेट ग्रूमिंग पार्लर सुविधाः– महाविद्यालय में स्थापित इस इकाई द्वारा श्वानों के लिये कई तरह की निःशुल्क सुविधायें उपलब्ध रहेगी।

व्याख्यानः– इस अवसर पर "एंटी माइक्रोबियल रजिस्टेन्श फॉर अवेयर टू एक्शन" विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया है।

डॉ. ओ.पी. श्रीवास्तव
सूचना जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.
वि,जबलपुर